an>

Title: Need to increase minimum support price of paddy crop in Maharashtra.

श्री नाना पटोले (भंडारा-गोंदिया) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं महाराष्ट्र का एक गंभीर विषय जीरो ऑवर में सदन के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं। महाराष्ट्र में सूखा और अतिवृष्टि के कारण किसानों का बहुत नुकसान हुआ है, जिसके कारण किसानों द्वारा की जाने वाली आत्महत्याएं भी बड़े पैमाने पर चालू हैं। केन्द्रीय समिति वहां जाकर इन सबका जायजा लेकर आई है। आज ही माननीय सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार और राज्य सरकार से सूचना मांगी है कि किसानों द्वारा की जाने वाली आत्महत्याओं को रोकने के लिए सरकार के माध्यम से क्या हो रहा है? जो थोड़ा बहुत अनाज किसानों ने निकाला है, वह अनाज भी कम दामों में बिक रहा है। किसान का धान पांच सौ रुपये कम दाम में बिक रहा है।

मेरी सरकार से मांग है कि समर्थन मूल्य पांच हजार रुपये क्विंटल करना चाहिए, लेकिन जो सूखा महाराष्ट्र में पड़ा है, जिसके कारण किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं, उसके लिए तुरंत केन्द्र सरकार द्वारा राज्य में राष्ट्रीय आपदा घोषित करके वहां के किसानों की मदद करनी चाहिए। यह मांग मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से करता हूं।